# आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 12.12.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रयाग महाकुंभ मेले के विकास कार्यो का करेंगे निरीक्षण।
- मुख्यमंत्री ने अलीराजपुर में सोडवा माइक्रो उद्‌वहन सिंचाई परियोजना का किया भूमिपूजन।
- प्रसार भारती और हॉकी इंडिया के बीच हुआ समझौता, दूरदर्शन बना हॉकी इंडिया लीग का आधिकारिक प्रसारण भागीदार।
- प्रदेश में शीतलहर से राहत नहीं, 29 जिलों के शीतलहर और कोल्ड डे का अलर्ट जारी।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

## प्रधानमंत्री-प्रयाग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल संगम नगरी प्रयागराज का दौरा करेंगे। महाकुंभ की शुरूआत अगले साल 13 जनवरी से हो रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 7 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गईं महाकुंभ परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इन परियोजनाओं में प्रयागराज में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और निर्बाध आवागमन के लिए 10 नए फ्लाईओवर, स्थायी घाट और नदी के साथ बनाई गई सड़कें शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री–अलीराजपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अलीराजपुर जिले के ग्राम छकतला, में सोंडवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि–पूजन किया। 17 सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार होने वाली इस परियोजना के माध्यम से जिले के 169 ग्रामों की 55 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी एवं पीने के पानी की उपलब्धता बढ़ेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल संसाधन विभाग, लोक सेवा यांत्रिकी विभाग सहित कई अन्य विभागों की योजनाओं का भूमि–पूजन भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री जिले के ग्राम रिंगोल में श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में भी शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री कानून

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के कल एक वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इसके पहले आज मुख्यमंत्री ने एक प्रेस वार्ता में सरकारकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा प्रदेश गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण पर आधारित चार मुख्य स्तंभों पर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए नवाचारी पहल करते हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो के

माध्यम से हर क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री 25 दिसम्बर को छतरपुर में केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास करने आ रहे हैं। साथ ही फरवरी-2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी प्रधानमंत्री आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पहली बार ई-वारंट और समन की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री पंचायत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहां है कि जिन ग्राम पंचायत में कोई विवाद रहित ग्राम पंचायतों को पांच - पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। इन पंचायतों को वृंदावन ग्राम योजना से भी लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज उज्जैन में ग्राम पंचायतों के सरपंचों से वर्चुअल चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने वीसी में कहा कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान आगामी 26 जनवरी तक चलेगा। इसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण जनों को अवगत कराया जाएगा तथा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

**महाकुम्भ रेलवे**

रेल प्रशासन द्वारा आगामी प्रयागराज महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इनमें रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति कुम्भ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के 12 फेरे होंगे। यह रेलगाड़ी 16 जनवरी से 20 फरवरी तक प्रत्येकसोमवार और गुरुवार को रानी कमलापति से सुबह 11 बजकक 10 मिनट पर चलेगी। इसी तरह सोगरिया-बनारस-सोगरिया कुम्भ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के 14 फेरे होंगे। यह द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 17 जनवरी से 21 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को सुबह 08:15 बजे सोगरिया से प्रस्थान करेगी । इन ट्रेनों के लिए रेलयात्री 14 दिसबंर से आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

**प्रधानमंत्री-जल जीवन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जल जीवन मिशन की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने दरवाजे पर स्वच्छ पानी के साथ, महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

**हॉकी इंडिया-प्रसार भारती**

प्रसार भारती ने आगामी हॉकी इंडिया लीग का सीधा प्रसारण करने के लिए आज नई दिल्ली में हॉकी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन के साथ दूरदर्शन हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के लिए आधिकारिक प्रसारण भागीदार बन गया है।

इस अवसर पर हॉकी इंडिया लीग की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह और प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद, दूरदर्शन (समाचार) की महानिदेशक प्रिया कुमार और अन्य लोग भी शामिल हुए। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने बताया कि इससे हॉकी की ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रसार होगा।

**मौसम**

प्रदेश में शीतलहर से राहत मिलती नहीं दिख रही है। मौसम विभाग ने 29 जिलों के लिए शीतलहर या कोल्ड डे के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल, राजगढ़, नीमच, कटनी सहित नौ जिलों में शीतलहर और कोल्ड डे होने का यलो अलर्ट है। वहीं नर्मदापुरम, मैहर, मंडला, बैतूल आदि 20 जिलों में शीतलहर का प्रकोप रहेगा। इस बीच आज शाजापुर, शहडोल, जबलपुर, कटनी जिले शीतलहर की चपेट में रहे। सबसे कम न्यूनतम तापमान शहडोल के कल्याणपुर में 3 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं भोपाल में न्यूनतम तापमान 6 दशलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पचमढ़ी नौगॉव और अमरकंटक में भी तापमान 4 डिग्री से नीचे बना हुआ है।

**पोर्टल संपदा 2.0**

मध्यप्रदेश में विकसित की गई ई-पंजीयन एवं ई-मुद्रांक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली का नवीन संस्करण 2.0 विकसित किया गया है। इससे नागरिकों को और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद मिली है। संपदा 2.0 से कोई भी व्यक्ति अब घर बैठे निर्धारित दस्तावेजों का पंजीयन कर सकता है। इसके लिये विभागीय पोर्टल https://sampada.mpigr.gov.in पर कोई भी व्यक्ति स्वयं पंजीकृत होकर अपने दस्तावेज का पंजीयन अथवा ई-स्टाम्प जारी कर सकता है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- गुना जिले में भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत पूर्व चयनित दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का 18 से 22 दिसम्बर तक नगरीय एवं जनपद पंचायत स्तर पर आयोजन किया जायेगा।
- अनूपपुर में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया है कि खाद्य विभाग द्वारा नवम्बर 2023 से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अंतर्गत कुल 1 लाख 35 हजार 619 पात्र परिवारों को प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है।
- अशोकनगर जिले में 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज जिला न्यायाधीश प्रकाश चन्द्र आर्य ने न्यायालय परिसर से बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- शिवपुरी में आज मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य ऋषी कुमार यादव ने जिलाधीश कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं और हितग्राहियों को प्राप्त हो रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देश दिए हैं।

**समाचार एक बार फिर ....**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रयाग महाकुंभ मेले के विकास कार्यो का करेंगे निरीक्षण।
- मुख्यमंत्री ने अलीराजपुर में सोडवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का किया भूमिपूजन।
- प्रसार भारती और हॉकी इंडिया के बीच हुआ समझौता, दूरदर्शन बना हॉकी इंडिया लीग का आधिकारिक प्रसारण भागीदार।
- प्रदेश में शीतलहर से राहत नहीं, 29 जिलों के शीतलहर और कोल्ड डे का अलर्ट जारी।

....................